Title: Request to provide Rs. One lakh as compensation to the Railway passengers who have died due to electric sock travelling by the 76-UP Surat Passenger train and also increase coaches in these trains.

श्री माणिकराव होडल्या गावीत (नन्दुरबार) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूं कि एक दुर्घटना जो 1 नवंबर, 2000 को हुई, भुसावल से सूरत 76 अप पैसेन्जर में किकाकुवी-वयारा के बीच में चार लोग एक बोगी के ऊपर बैठे थे जिनकी करंट लगने से मृत्यु हो गई। उनको सिर्फ 5000 रुपये मुआवज़ा दिया गया है जिस राशि को बढ़ाकर एक लाख रुपये करना चाहिए। इस लाइन पर चलने वाली गाड़ियों में 9-10 बोगियां ही होती हैं जिससे पैसेन्जर बोगियों के ऊपर बैठते हैं। वहां इलेक्ट्रिफिकेशन का काम चल रहा है और गुजरात स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड की तार से टकराने से वे लोग मर गए और उनकी मृत्यु हो गई। इसी लाइन पर जो गाड़ियां चल रही हैं अप और डाउन में चार गाड़ियां चल रही हैं, उनमें बोगियों की संख्या 15-16 करनी चाहिए ताकि यात्री छतों पर न बैठें और इस तरह की दुर्घटनाएं न हों, यह मैं रेल मंत्री जी से विनती करना चाहता हूं।